# सांवरा देखता होगा भलाई कर भला होगा लिरिक्स

भलाई कर भला होगा,
बुराई कर बुरा होगा,
कोई देखे या ना देखे,
सांवरा देखता होगा,
भलाई कर भला होगा,
बुराई कर बुरा होगा।bd।

---

किसी का भी भला करके,
नफ़ा नुकसान मत गिनना,
मदद करके गरीबों की कभी,
अभिमान मत करना,
ये दुनिया चार दिन की है,
फिर उसके बाद क्या होगा,
भलाई कर भला होगा,
बुराई कर बुरा होगा।bd।

---

ज़माना व्यस्त है देखो,
दुसरो की बुराई में,
नज़र आता नहीं की छेद है,
खुद की सुराही में,
तुझे खुद के गिरेबाँ में ही पहले,
झांकना होगा,
भलाई कर भला होगा,
बुराई कर बुरा होगा।bd।

---

अहम के आईने 'माधव',
जल्द ही टूट जाते है,
मगर उस वक़्त के पीछे,
बहुत कुछ छुट जाते है,
संभल जा वक़्त के रहते,
बाद में वक़्त ना होगा,
भलाई कर भला होगा,
बुराई कर बुरा होगा।bd।

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

भलाई कर भला होगा,
बुराई कर बुरा होगा,
कोई देखे या ना देखे,
सांवरा देखता होगा,
भलाई कर भला होगा,
बुराई कर बुरा होगा।**bd**।

**Singer – Reshmi Ji Sharma**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com